UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार
पिन कोड– 249404

संख्या :: **104/10/DR/E-2/Civil Judge/2022-23** दिनाँक :: **27 जुलाई, 2023**

शुद्धिपत्र / विज्ञप्ति
उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा–2023
(संशोधित नाम ::– उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा–2022)

उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा के अंतर्गत सिविल न्यायाधीश के रिक्त 16 पदों के सापेक्ष विज्ञापन संख्या– 10/DR/E-2/Civil Judge/2022-23 दिनांक 01 मार्च, 2023 प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के क्रम में उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (प्रारंभिक) परीक्षा–2023 का आयोजन दिनांक 30 अप्रैल, 2023 को किया गया एवं प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम, विज्ञप्ति संख्या–69 / 07 / सि0न्याया0 / G-2 / 2023-24, दिनांक 29 मई, 2023 द्वारा घोषित किया गया है। सूचित किया जाता है कि रजिस्ट्रार जनरल, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा आयोग कार्यालय को प्रेषित पत्र के क्रम में **उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा–2023 का नाम परिवर्तित करते हुए "उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा–2022"** किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त परिवर्तन के पश्चात न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा–2023 **को "उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा–2022" पढ़ा जाए।** विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

2. प्रश्नगत परीक्षा के संबंध में यह भी सूचित किया जाता है कि प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में सफल घोषित एवं अर्ह अभ्यर्थियों हेतु **मुख्य परीक्षा (लिखित प्रकृति) का आयोजन दिनांक 23.08.2023 (बुधवार) से 25.08.2023 (शुक्रवार) तक एवं कम्प्यूटर के आधारभूत ज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 26.08.2023 (शनिवार) को परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में निर्धारित किया गया है।** उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना **प्रवेश–पत्र (Admit-Card) दिनाँक 08 अगस्त, 2023 (मंगलवार) से** आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से कोई सूचना / प्रवेश–पत्र (Admit-Card) प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव